# अब नहीं होगी चढ़ावा चोरी, सब ऑनलाइन

## श्रद्धालुओं की दान राशि का ब्यौरा रोजाना होगा सार्वजनिक



**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**लखनऊ, 6 सितम्बर. श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मंदिर की प्रशासनिक और व्यावहारिक व्यवस्थाओं को अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित और आधुनिक बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है. एक अहम पहल के तहत राम मंदिर में रोज आने वाले श्रद्धालुओं और प्राप्त दानराशि का ब्यौरा वेबसाइट पर सार्वजनिक किया जाएगा.**

ट्रस्ट के महासचिव गोविंद देव गिरि ने संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं को मंदिर की व्यवस्थाओं में कई बदलाव दिखाई देंगे. सबसे अहम पहल के तहत राम मंदिर में रोज आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और प्राप्त दानराशि का ब्यौरा वेबसाइट पर सार्वजनिक किया जाएगा. धीरे-धीरे मंदिर की व्यवस्थाओं को अपडेट किया जाएगा और चढ़ावे से जुड़ी जानकारी श्रद्धालुओं के सामने रखी जाएगी. राम मंदिर की पूजा-पद्धति, धार्मिक परंपराएं और उत्सवों का संचालन संतों और विद्वान आचार्यों के मार्गदर्शन में ही होगा. मंदिर की बाहरी प्रशासनिक और व्यावहारिक व्यवस्थाओं में आधुनिक प्रबंधन प्रणाली अपनाई जाएगी. अनुशासन और श्रद्धा के बीच संतुलन नई व्यवस्था की महत्वपूर्ण कसौटी होगी. व्यवस्थाओं में अयोध्या के संतों और स्थानीय जनमानस की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है. ट्रस्ट का प्रयास रहेगा कि मंदिर और अयोध्या के बीच संवाद और जुड़ाव और मजबूत हो.

### जीतेंद्र मिश्र 8 से संभालेंगे जिम्मेदारी

श्रीराम मंदिर के नवनियुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी एयर मार्शल रिटायर्ड जीतेंद्र मिश्र 8 सितंबर को विधिवत कार्यभार संभालेंगे. वैदेही भवन में ट्रस्टियों के साथ हुई बैठक में उनकी मौजूदगी के दौरान सीईओ की कार्यप्रणाली, अधिकार और जिम्मेदारियों से जुड़ी एसओपी को अंतिम रूप दिया गया. इसमें नियम-शर्तों के साथ वेतन-भत्ते और जरूरी सुविधाओं का प्रावधान भी शामिल है. एसओपी की विस्तृत जानकारी मीडिया से साझा नहीं की गई. ट्रस्ट के नवनियुक्त महासचिव स्वामी गोविंद देव गिरी ने बताया कि सीईओ को सभी ट्रस्टियों से परिचय और मंदिर की व्यवस्थाओं को समझने के लिए आमंत्रित किया गया था. प्रस्तावित ट्रस्ट बैठक में संयुक्त कार्यकारी अधिकारी के नाम पर विचार संभव है. वहीं सीईओ जितेन्द्र मिश्र ने कहा कि ट्रस्ट के मार्गदर्शन में पूरी प्लानिंग तैयार कर टीम के साथ जमीनी व्यवस्थाओं को लागू करेंगे.

### आरोपितों की न्यायिक रिमांड 14 दिन बढ़ी

राम मंदिर चढ़ावा चोरी के आठों आरोपितों की न्यायिक रिमांड शनिवार को पुन: 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गयी है. जेल में निरुद्ध आठो आरोपित अविनाश शुक्ल, मनीष यादव, रमाशंकर मिश्र, अनुकल्प मिश्र, लवकुश मिश्र, करुणेश पांडेय, रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू व सुभाषचंद्र श्रीवास्तव शनिवार को जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के समक्ष पेश किए गए. सभी की न्यायिक हिरासत 18 सितंबर तक बढ़ा दी गयी है. प्रकरण में पुलिस को विवेचना करते लगभग 72 दिन हो चुके हैं. पुलिस ने अभी आरोप पत्र प्रस्तुत नहीं किया है. आरोपितों की यह रिमांड सातवीं बार बढ़ाई गई है. आरोपितों की ओर से पुलिस पर गलत धाराओं में रिमांड लेने और बरामदगी पर सवाल उठाते हुए एक अर्जी न्यायालय में दी गई थी, जोकि निरस्त कर दी गई.

# अमेरिकी फ्लाइट में युवक ने यात्री पर किया हमला

- बाल्टीमोर में कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग



**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**वाशिंगटन, 6 सितंबर. अमेरिका डलास-फोर्ट वर्थ से नेवार्क जा रही अमेरिकन एयरलाइंस की एक फ्लाइट में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक यात्री ने अचानक आपा खो दिया और सह-यात्री के साथ हिंसक व्यवहार करने लगा.**

उड़ान भरने के लगभग दो घंटे बाद आरोपी यात्री ने चिल्लाना शुरू कर दिया और अपने बगल में बैठे सह-यात्री की गर्दन पकड़कर उस पर हमला कर दिया. इस दौरान जब फ्लाइट अटेंडेंट ने स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया, तो आरोपी यात्री उनके साथ भी बदसलूकी करने लगा. उसने क्रू मेंबर पर नस्लभेदी और समलैंगिक विरोधी टिप्पणियां कीं.

जिससे स्थिति और बिगड़ गई. यात्री के बढ़ते हिंसक व्यवहार को देखते हुए फ्लाइट में मौजूद सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी जुआन मेजिया और एक अन्य यात्री तुरंत आगे आकर मामले में हस्तक्षेप किया और हिंसक यात्री को जिप टाई व डक्ट टेप से सीट पर बांधकर काबू में किया. एक यात्री द्वारा साझा की गई तस्वीर में दिखाया गया है कि उस व्यक्ति की कलाई, धड़ और सिर के चारों ओर टेप के कई लूप लगे हुए थे.

# दिल्ली में हॉस्टल ढहा, 3 छात्रों की मौत

## मलबे में फंसे युवक ने वीडियो बनाकर मांगी मदद



**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**नई दिल्ली, 6 सितंबर. दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में 1.30 बजे एक पांच मंजिला इमारत अचानक भरभराकर गिर गई.**

हादसे में तीन छात्रों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं. इमारत में हॉस्टल संचालित होने के कारण हादसे के वक्त बड़ी संख्या में छात्र मौजूद थे. अब तक नौ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है, जबकि मलबे में अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय इमारत के बेसमेंट में खुदाई का काम चल रहा था. स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि खुदाई के कारण इमारत की संरचना कमजोर हुई होगी. हालांकि, हादसे की वास्तविक वजह की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है. हादसे के बाद मलबे में फंसे एक युवक ने मोबाइल से वीडियो बनाकर मदद की गुहार लगाई. वीडियो में युवक को रेस्क्यू टीम से जल्द बाहर निकालने की अपील करते देखा गया. घटनास्थल पर मौजूद उसके एक दोस्त ने बताया कि युवक लगातार फोन कर बचाने की गुहार लगा रहा था.

### पीएम मोदी ने जताया गहरा दु:ख

इस दर्दनाक हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं. तीन लोगों की मौत की पुष्टि के बाद, प्रधानमंत्री ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर दुख जताते हुए लिखा, 'दिल्ली के सत्य निकेतन में इमारत के ढहने की घटना बेहद दुखद है. जिन लोगों ने इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं. मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं. अधिकारी घटनास्थल पर मुस्तैदी से काम कर रहे हैं और इस हादसे से प्रभावित लोगों की हर संभव मदद कर रहे हैं.'

# लद्दाख, कश्मीर से खेल नहीं, यूएन को दो टूक

- दुनिया के नए नक्शे पर भारत ने किया स्पष्ट
- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को गलत दर्शाया



**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**नई दिल्ली, 6 सितम्बर. भारत ने संयुक्त राष्ट्र के समान क्षेत्रफल वाले ग्लोबल मैप के समर्थन में मतदान तो किया है, लेकिन इसके साथ ही विदेश मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि यह प्रस्ताव किसी विशेष मानचित्र का समर्थन नहीं करता है.**

भारत के संप्रभु क्षेत्र को उसके आधिकारिक मानचित्र के अनुसार ही दर्शाया जाना चाहिए. यह प्रस्ताव किसी विशेष विश्व मानचित्र को न तो अपनाता है और न ही उसे प्रमाणित करता है और न ही इसमें अंतरराष्ट्रीय सीमाओं, विवादित क्षेत्रों या स्थानों के नामों सहित राजनीतिक मानचित्रकला पर कोई चर्चा की गई है.

फिर भी भारत ने अपने मत की व्याख्या का इस्तेमाल जम्मू और कश्मीर और लद्दाख पर अपनी स्थिति को दोहराने के लिए किया. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के अनुसार, 'जम्मू और कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेशों सहित भारत के संप्रभु क्षेत्र को भारत के आधिकारिक मानचित्र के अनुसार ही दर्शाया जाना चाहिए. किसी भी प्रकार का गलत या भ्रामक चित्रण अस्वीकार्य है. भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमारा रुख स्पष्ट, सुसंगत और अपरिवर्तनीय है. महासभा ने एक प्रस्ताव स्वीकार किया, जिसका शीर्षक था— 'मानचित्र को सही करें- वैश्विक मानचित्र संबंधी प्रतिनिधित्व को पुनर्संतुलित करना और विश्व के क्षेत्रों, विशेष रूप से अफ्रीका के न्यायसंगत प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देना'.

# 89 सोने के बिस्किट के साथ बांग्लादेशी तस्कर गिरफ्तार

- भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ की बड़ी कार्रवाई
- 17 करोड़ से अधिक का सोना जब्त

**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**नई दिल्ली, 6 सितम्बर. भारत और बांग्लादेश की सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने तस्करी के खिलाफ एक बेहद बड़ी और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है.**

पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर मुस्तैद जवानों ने गश्त के दौरान एक बांग्लादेशी नागरिक को भारी मात्रा में सोने के साथ रंगे हाथों दबोच लिया. आरोपी सोने की एक बड़ी खेप को भारतीय सीमा के भीतर पहुंचाने की फिराक में था. जवानों की सतर्कता की वजह से तस्कर के मंसूबों पर पूरी तरह से पानी फिर गया. शनिवार शाम नादिया जिले के हलदारपारा बॉर्डर आउटपोस्ट के पास यह पूरी कार्रवाई की गई. इस इलाके की सुरक्षा की जिम्मेदारी बीएसएफकी 32वीं बटालियन के पास है.

# 46 लाख का पैकेज छोड़ बने आर्मी अफसर

## दो अकादमी से सेना को मिले 595 नए अफसर



**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**चेन्नई, 6 सितम्बर. भारतीय सेना को चेन्नई और बिहार के गया स्थित अधिकारी प्रशिक्षण अकादमियों (ओटीए) से 595 नए अधिकारी मिले. इनमें कुल 64 महिला अधिकारी भी सेना में शामिल हुईं.**

चेन्नई में 342 भारतीय कैडेट सैन्य अधिकारी बने. इनमें 29 महिलाएं शामिल हैं. साथ ही, मित्र देशों के 17 कैडेटों ने भी प्रशिक्षण पूरा किया, जिनमें 10 महिलाएं हैं. वहीं, गया अकादमी की 29वीं परेड में 253 कैडेट सेना में अधिकारी बने. इनमें 218 पुरुष और 35 महिलाएं हैं. अमेजन में 46 लाख रुपए का पैकेज छोड़कर लखनऊ के नीलमथा निवासी 27 वर्षीय शारदेंदु तिवारी भारतीय सेना में अफसर बने हैं. वे ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) गया से अधिकारी के तौर पर कमीशन होंगे. शारदेंदु 7 बार असफल हुए, लेकिन 8वें प्रयास में उन्होंने सफलता हासिल कर ली. शारदेंदु के पिता मानद कैप्टन राजकुमार तिवारी ने आर्मी सर्विस कोर में 36 साल तक सेवा दी है.

# महाराष्ट्र में गरबा में एंट्री को लेकर सियासत गरमाई

## विहिप पर यूबीटी सांसद राउत ने किया हमला



**नवभारत न्यूज़**
**मुंबई, 6 सितम्बर. महाराष्ट्र में अगले महीने होने वाले नवरात्रि उत्सव से पहले गरबा और डांडिया आयोजनों को लेकर विवाद तेज हो गया है. विश्व हिंदू परिषद ने मुसलमानों को गरबा और डांडिया कार्यक्रमों से दूर रखने की बात कही है.**

संगठन ने आयोजकों के लिए कुछ दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं. इनमें कार्यक्रम में आने वाले लोगों की पहचान जांचने और आधार कार्ड देखने जैसी बातें शामिल हैं. इस साल नवरात्रि 11 अक्तूबर से शुरू होगी.

विश्व हिंदू परिषद के प्रवक्ता और संयुक्त सचिव श्रीराज नायर ने कहा कि संगठन ने नवरात्रि के दौरान गरबा-डांडिया में मुस्लिम समुदाय के लोगों की भागीदारी नहीं होने देने का फैसला किया है. उनका तर्क है कि नवरात्रि देवी की पूजा का पर्व है और इसमें धार्मिक मान्यताओं से जुड़े नियमों का पालन होना चाहिए. वीएचपी ने इसे किसी समुदाय के खिलाफ कदम नहीं, बल्कि हिंदू त्योहारों के सांस्कृतिक स्वरूप को बनाए रखने के लिए एहतियाती उपाय बताया है.

संगठन ने प्रतिभागियों की पहचान की जांच और माथे पर तिलक लगाने का सुझाव भी दिया है. शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने वीएचपी के रुख पर कड़ी आपत्ति जताई है. उन्होंने कहा कि मुसलमानों ने भी भारत की आजादी और सांस्कृतिक संघर्ष में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. राउत ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के हालिया विदेश दौरे के दौरान दिए गए हिंदू-मुस्लिम संबंधों से जुड़े बयान का हवाला देते हुए सवाल उठाया कि एक तरफ ऐसी बातें कही जाती हैं और दूसरी तरफ उनके संगठन से जुड़े लोग इस तरह के नियम बना रहे हैं. मोहन भागवत को इस मामले पर बयान देना चाहिए.

# पुतिन-अमेरिकी प्रतिनिधियों की बैठक

## यूक्रेन संघर्ष के मूल कारणों पर हुई चर्चा



**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**नई दिल्ली, 6 सितंबर. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकोफ और जेरेड कुशनर के साथ मॉस्को में गहन, रचनात्मक और खुली बातचीत की. क्रेमलिन के सलाहकार यूरी उशाकोव ने रविवार तड़के यह जानकारी दी.**

उशाकोव ने बताया कि बेहद महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कार्य-स्तरीय बैठक के दौरान हुई और बाद में रात्रि भोज के समय अनौपचारिक बातचीत भी हुई. पुतिन ने एक बार फिर दोहराया कि रूस, यूक्रेन से जुड़े मुद्दों का राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान खोजने के लिए अमेरिका के साथ मिलकर काम जारी रखने को तैयार है. उशाकोव के अनुसार, रूसी पक्ष ने विशेष सैन्य अभियान के दौरान बन रही स्थिति का स्पष्ट और विस्तृत आकलन अमेरिकी प्रतिनिधियों के सामने रखा. उन्होंने कहा, खासतौर पर युद्ध क्षेत्र में रूसी सेना की वास्तविक प्रगति का जिक्र किया गया. भरोसा जताया गया कि निर्धारित उद्देश्यों को हासिल कर लिया जाएगा.

### आज का इतिहास

| | |
|---|---|
| 1701- | जर्मनी, इंग्लैंड और नीदरलैंड ने फ्रांस विरोधी समझौते पर हस्ताक्षर किये। |
| 1882- | ब्राजील ने पुर्तगाल से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की थी. |
| 1887- | संस्कृत के विद्वान् और महान दार्शनिक गोपीनाथ कविराज का जन्म हुआ. |
| 1901- | आधिकारिक तौर पर बॉक्सर प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर करने के साथ ही चीन में बॉक्सर विद्रोह समाप्त हो गया. |
| 1923- | अंतरराष्ट्रीय अपराध पुलिस संगठन (इंटरपोल) का गठन. |

### एक नजर में

#### लक्जमबर्ग के उप-प्रधानमंत्री जेवियर बेटेल आएंगे भारत

**नई दिल्ली.** विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की कि लक्जमबर्ग के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश और विदेश व्यापार मंत्री जेवियर बेटेल आज से 9 सितंबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे. बेटेल आज नई दिल्ली पहुंचेंगे. वह हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे.

#### नीशू आजाद ने घर पर पथराव का आरोप लगाया

**नई दिल्ली.** गाजियाबाद के शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में शनिवार रात कुछ लोगों द्वारा यूट्यूबर और कॉकरोच जनता पार्टी की कार्यकर्ता नीशू आजाद के घर पर पथराव करने का आरोप है. पथराव के दौरान कई पत्थर घर की बालकनी में आकर गिरे. घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है. नीशू ने इसको लेकर शनिवार रात को सोशल मीडिया में वीडियो जारी किया. उन्होंने दिल्ली और गाजियाबाद पुलिस से अपने माता-पिता और परिवार की सुरक्षा की मांग की. नीशू का आरोप है कि रात करीब 11 बजे कुछ लोगों ने घर की ओर पत्थर फेंके. अचानक हुए पथराव से परिवार के लोग घबरा गए. पत्थर घर की बालकनी तक पहुंचे, जिससे घटना की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है.

#### संभल सड़क हादसे में मासूम सहित 5 की मौत

**संभल.** उत्तर प्रदेश के संभल जिले स्थित बहजोई क्षेत्र में आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर रविवार तड़के एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना घटित हुई. बमनेटा गांव के निकट अचानक एक ई-रिक्शा चालक द्वारा बिना संकेत दिए मोड़ काटने से पूरा हादसा हुआ. ई-रिक्शा को बचाने के चक्कर में सवारियों से भरा टेंपो अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे बजरी लदे ट्रक से सीधे टकरा गया. इस भीषण टक्कर में टेंपो के परखच्चे उड़ गए.

# कांगो में शादी की खुशियां मातम में बदलीं

**कांगो.** मध्य अफ्रीका के कांगो देश की राजधानी किंशासा में शादी का जश्न मातम में बदल गया. इमारत में भीषण आग लगी. इस दर्दनाक हादसे में 22 लोगों ने जान गंवा दी, जबकि कई लोग बुरी तरह झुलस गए. लपटें इतनी तेजी से फैलीं कि किसी को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला. यह हादसा उत्तरी किंशासा के लिंगवाला इलाके में हुआ. शुक्रवार रात शादी की पार्टी के बीच अचानक लपटें उठीं, जिसने शनिवार तड़के तक पूरी इमारत को राख कर दिया. जान बचाने की होड़ में लोग दरवाजों पर ही फंस गए, जिससे बाहर निकलने का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया. मची अफरा-तफरी के बीच बाहर निकले लोगों ने घायलों को संभाला.

# पुलिस ने पैर नहीं, सेना में जाने के सपने तोड़े

- छात्रों ने राहुल गांधी को सुनाया दर्द
- बिहार पुलिस संवेदनशील छात्र ने राहुल से कहा



**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**पटना, 6 सितम्बर. बिहार में प्रदर्शन के दौरान घायल हुए छात्रों से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मुलाकात की. बातचीत में छात्रों ने उन्हें बताया कि प्रदर्शन के दौरान उन्हें गोलियां लगीं और इसके बाद भी उन्हें तत्काल अस्पताल नहीं ले जाया गया. एक छात्र के पैर में गोली लगने से हड्डी टूट गई और उसे ऑपरेशन कर रॉड डालनी पड़ी.**

छात्र ने राहुल को बताया कि उसका सपना सेना में जाकर देश की सेवा करने का था, लेकिन चोट के बाद उसे लगता है कि अब वह यह सपना पूरा नहीं कर पाएगा. राहुल गांधी ने उसकी चोट, परिवार और भविष्य को लेकर विस्तार से बात की.

राहुल से बातचीत में घायल छात्रों ने बताया कि वे पढ़ाई से जुड़े काम के लिए सिवान गए थे और प्रदर्शन का हिस्सा भी थे. एक छात्र ने कहा कि वह अपने दोस्तों के साथ वहां से निकलने की कोशिश कर रहा था. उसके मुताबिक, प्रशासन की ओर से लाठी चल रही थी और स्थिति तनावपूर्ण थी. वह पीछे मुड़ा ही था कि उसे गोली लग गई. गोली लगने के बाद उसका पैर तुरंत झटका खाकर गिर गया और वह खड़ा नहीं हो पा रहा था. छात्र ने बताया कि फायरिंग की आवाज कई बार सुनाई दी, लेकिन उसे एक गोली लगी.

# ब्रिक्स : 14 लाख तक पहुंचा होटल रूम का किराया



- 18वें ब्रिक्स सम्मेलन के चलते बढ़ाया किराया
- होटल ताज सहित सभी होटल्स हुए बुक

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**नई दिल्ली, 6 सितम्बर. दिल्ली के भारत मंडपम में 12 और 13 सितंबर को होने वाले 18वें ब्रिक्स सम्मेलन के चलते राजधानी के सभी लग्जरी होटलों में कमरों की मांग बेतहाशा बढ़ गई है.**

इसकी वजह से अधिकतर बड़े लग्जरी होटलों में कमरों की बुकिंग फुल हो चुकी है. इन होटलों ने अपने बुकिंग पोर्टल पर दोनों तारीखों पर बुकिंग को बंद कर दिया है. ऐसे में आसपास के दूसरे लग्जरी होटलों के खाली कमरों का किराया भी दो से तीन गुना तक बढ़ गया है. कुछ होटलों में एक रात के लिए कमरे का किराया पौने दो लाख से 5 लाख रुपये तक पहुंच गया है. ब्रिक्स सम्मेलन के चलते एक दिन पहले ही विदेशी मेहमान दिल्ली पहुंच जाएंगे.

वीवीआईपी मेहमानों के लिए दिल्ली के होटलों में कमरों की बुकिंग होना करीब 10 दिन पहले ही शुरू हो गई थी. जैसे-जैसे होटलों में खाली कमरों की संख्या कम होती गई, डायनेमिक किराया बढ़कर 14 लाख तक पहुंच गया था. होटल ताज महल में जहां आमतौर पर कमरे का एक दिन का शुरुआती किराया 72 हजार से लेकर करीब डेढ़ लाख तक था.

### 12 और 13 सितंबर के लिए बुकिंग हुई बंद

मांग बढ़ने से सबसे लग्जरी कमरे का किराया 14 लाख तक पहुंच गया था. हालांकि, अब 12 और 13 सितंबर के लिए बुकिंग बंद कर दी गई है. ब्रिक्स सम्मेलन के दो दिनों में अब होटल ताज पैलेस, द लीला पैलेस, द ओबरॉय, द इंपीरियल, ली-मेरेडियन समेत कई अन्य होटलों में भी बुकिंग बंद हो चुकी है. 14 सितंबर या इससे आगे के दिनों के लिए बुकिंग ली जा रही है.

### हस्तियों के ट्वीट



भारतीय लोकप्रिय अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि भावनगर बस स्टैंड पर दिन-दहाड़े काजल नाम की एक लड़की की पर डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. गिरफ्तारी के बाद, आरोपी को आज भावनगर की सड़कों पर घुमाया गया. काजल का भाई, जो उसे बचाने के लिए दौड़ा था, उस पर भी बेरहमी से हमला किया गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया.



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने हाल ही सोशल मिडिया पोस्ट पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि यूरोप अपनी किस्मत खुद तय कर रहा है, जिसमें स्पेस सेक्टर भी शामिल है. एरियन 6 और वेगा की कामयाबी के बाद, अब इसार एयरोस्पेस ने भी इतिहास रच दिया है. पहली बार, यूरोप की किसी प्राइवेट कंपनी ने यूरोप की ज़मीन से लॉन्च करके अपना रॉकेट ऑर्बिट में पहुँचाया है. जर्मनी के लिए एक बड़ी उपलब्धि. पूरे यूरोप के लिए एक जीत.

स्पष्टीकरण
कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी साधा निशाना, सरकार से मांगा स्पष्टीकरण

# इसरो के निजीकरण पर 9 संगठनों ने मांगा जवाब



**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**नई दिल्ली, 6 सितम्बर. इसरो के नौ कर्मचारी संगठनों ने स्पेस एजेंसी के चेयरपर्सन वी. नारायणन को पत्र लिखकर प्राइवेटाइजेशन पर स्पष्टीकरण मांगा है. यह लेटर 4 सितंबर को लिखा गया. जानकारी आज सामने आई है.**

कर्मचारी संगठनों ने कहा कि सरकारी संस्थानों में निजी कंपनियों की भागीदारी हो सकती है, लेकिन इसरो मजबूत संगठन बना रहना चाहिए. इसे केवल सीमित रिसर्च एंड डेवलपमेंट संस्था तक सीमित न कर दिया जाए. कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि स्पेस एजेंसी के अंदर से आवाजें उठने लगी हैं. जब साराभाई और धवन की विरासत को व्यवस्थित तरीके से खत्म किया जा रहा है तो बाकी लोगों को भी चुप नहीं रहना चाहिए. 21 अगस्त को इन स्पेस चेयरपर्सन पवन गोयनका ने एक कार्यक्रम में कहा कि आखिरकार इसरो कोई लॉन्च व्हीकल नहीं बनाएगा और न ही किसी लॉन्च व्हीकल का निर्माण करेगा. यह सब निजी क्षेत्र या पीएसयू करेगा. इन स्पेस निजी क्षेत्र की अंतरिक्ष गतिविधियों को बढ़ावा देने, मंजूरी देने और उनकी निगरानी का काम करता है.

कर्मचारी संगठन ने कहा कि इसरो की तकनीक, टेस्ट फैसिलिटी और लॉन्च इंफ्रास्ट्रक्चर जनता के पैसे से तैयार हुए हैं, इसलिए इन्हें निजी कंपनियों को देने की प्रक्रिया पारदर्शी और जवाबदेह होनी चाहिए. जयराम ने एक्स पर लिखा कि स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के नाम पर मोदी सरकार इसरो की भूमिका कम कर रही है. उन्होंने कहा कि इसरो की बनाई तकनीक और क्षमता निजी कंपनियों को दी जा रही है. जिनका भविष्य क्या होगा, किसी को नहीं पता.